# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 03.09.2026** **समय : 0705**

- अंडमान–निकोबार पुलिस का साइबर अपराध के विरुद्ध शानदार प्रदर्शन, प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में सभी मानकों पर किया बेहतर प्रदर्शन।
- सांसद बिष्णु पद रे ने रेफर मरीजों के लिए बढ़ी आर्थिक सहायता और स्वास्थ्य सुविधाओं पर केंद्र सरकार व प्रशासन का जताया आभार।
- ब्रह्माकुमारीज् ने जे एन आर एम में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया।
- राजधानी श्री विजयपुरम में जन्माष्टमी की तैयारियाँ शुरू हुई। इस अवसर पर देर रात तक खुलेगा श्री राधा गोविंद मंदिर।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार पुलिस ने साइबर अपराध से निपटने में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई बावनवीं प्रगति समीक्षा बैठक में एक जनवरी से बीस अगस्त तक के प्रदर्शन की समीक्षा में अंडमान–निकोबार ने सभी निर्धारित मानकों पर बेहतर प्रदर्शन दर्ज किया। इस दौरान साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के पीड़ितों को एक करोड़ बहत्तर लाख इक्यावन हजार 12 रुपये की राशि वापस दिलाई गई। पुलिस ने साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में एफ आई आर दर्ज करने की न्यूनतम सीमा एक लाख से घटाकर 50 हजार रुपये कर दी है। नागरिकों से साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर सूचना देने की अपील की गई है।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने आयुष्मान भारत योजना के तहत रेफर मरीजों के लिए आर्थिक सहायता और सुविधाएं बढ़ाने पर केंद्र सरकार और प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। श्री विजयपुरम स्थित सांसद कार्यालय में आज हुई प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष 21 अक्टूबर को उन्होंने उपराज्यपाल के समक्ष रेफर मरीजों की सुविधाओं से जुड़े मुद्दे उठाए थे। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्वास्थ्य समिति की बैठक में इन पर विचार के बाद रेफरल दिशा–निर्देशों में संशोधन किया गया। स्वास्थ्य सचिव ने 28 अगस्त को इसकी लिखित जानकारी दी। ये बदलाव 1 अगस्त से प्रभावी हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत अब आय सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दी गई है और पात्र मरीजों को 5 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज मिलेगा। मरीज और एक सहायक को इकोनॉमी क्लास हवाई यात्रा के लिए अधिकतम 40 हजार रुपये मिलेंगे। सभी रेफर मरीजों को एक हजार रुपये प्रतिदिन, अधिकतम 20 दिन का मजदूरी नुकसान मुआवजा मिलेगा। स्ट्रेचर का खर्च प्रशासन अग्रिम देगा और एयरपोर्ट या हार्बर से एम्बुलेंस या कैब के लिए 3 हजार रुपये तक की प्रतिपूर्ति होगी। गंभीर मरीजों के एयर एम्बुलेंस का खर्च प्रशासन उठाएगा और सरकारी एजेंसियों के साथ व्यवस्था अंतिम रूप में है। जी.बी. पंत अस्पताल में एम आर आई सुविधा अंतिम चरण में है। दवाओं की निर्बाध आपूर्ति के लिए 30 करोड़ रुपये अलग रखे जाएंगे। सांसद ने कहा कि इन फैसलों से मरीजों और उनके परिजनों को बड़ी राहत मिलेगी।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय की एन एस एस इकाई–4 की ओर से आज महाविद्यालय के व्याख्यान कक्ष में ''नशे से परे, अपने आंतरिक प्रकाश की ओर'' विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. तमिल भारतन टी.के. ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जे एन आर एम की नशा विरोधी समिति के अध्यक्ष के.वी. रमनामूर्ति ने की। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारीज की प्रभारी शर्मिष्ठा ने सकारात्मक सोच और आत्म–जागरूकता पर संवादात्मक सत्र आयोजित किया। उन्होंने ध्यान, आंतरिक शांति और नकारात्मक प्रभावों से दूर रहने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और अच्छी आदतों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम प्राचार्या डॉ. पर्ल देवदास ने विद्यार्थियों को आत्म–जागरूकता के लिए प्रेरित किया।

<><><><><><><>

राजधानी श्री विजयपुरम के आर जी टी रोड स्थित श्री राधा गोविंद मंदिर में कल और 5 सितंबर को जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए मंदिर में विशेषपूजा–अर्चना की व्यवस्था रहेगी। मंदिर कल सुबह छह बजे से 5 सितंबर की रात एक बजे तक और 5 सितंबर को सुबह छह बजे से रात नौ बजे तक श्रद्धालुओं के लिए खुला रहेगा। जन्माष्टमी के अवसर पर कल शाम छह बजे मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा। सभी श्रद्धालुओं को भगवान श्री राधा गोविंद का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया है।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम के सिप्पीघाट स्थित बागवानी अनुसंधान फार्म में केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान और प्लांटेशन क्रॉप्स संबंधी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना द्वारा विश्व नारियल दिवस मनाया गया। इस वर्ष का विषय था 'अनिश्चितता के दौर में नारियल – खाद्य, ऊर्जा और आजीविका की सुरक्षा'। संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अजीत अरुण वामन ने किसानों को नारियल के साथ दालचीनी, लौंग, काली मिर्च, जायफल, अदरक, हल्दी, केला और अनानास जैसी फसलें उगाने के तरीके बताए गए। किसानों को नारियल के पेड़ पर चढ़ने वाले उपकरण और नारियल छीलने की मशीन का इस्तेमाल करके भी दिखाया गया। द्वीप सिनरब' उपकरण की मदद से दालचीनी की कटाई करके दिखाई गई। कार्यक्रम में किसानों ने विशेषज्ञों से सवाल पूछकर अपनी शंकाओं का समाधान किया।

<><><><><><>

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सहयोग से पी एच सी बिल्लिग्राउंड में राष्ट्रीय बधिरता रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम के तहत ई एन टी और श्रवण जांच शिविर आयोजित किया। शिविर में लोगों को कान, नाक और गले तथा श्रवण संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान, रोकथाम और उपचार की जानकारी दी गई। शिविर में 107 लोगों की ई एन टी जांच, 22 नवजात शिशुओं की श्रवण जांच और 25 लोगों की ऑडियोमेट्री जांच की गई। छह लोगों को दिव्यांगता आकलन और 11 लोगों को श्रवण यंत्र के लिए अनुशंसित किया गया। डॉ. गणेश सामद्दार के नेतृत्व में आयोजित शिविर में ई एन टी विशेषज्ञ डॉ. लेखा बंडारू और ऑडियोलॉजिस्ट सुप्रीत कुमार मेहर ने सेवाएं दीं। कार्यक्रम में हरिनगर और स्वदेशनगर ग्राम पंचायतों के प्रधानों सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

<><><><><><>

दूरदर्शन केंद्र, श्री विजयपुरम द्वारा कल 'हैलो डॉक्टर' लाइव फोन–इन कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय है हर्निया – जल्द स्वस्थ होने के लिए कम चीरा लगाकर की जाने वाली सर्जरी से जल्द स्वास्थ्य लाभ' कार्यक्रम शाम साढ़े पांच बजे से छह बजे तक प्रसारित होगा। जी.बी. पंत अस्पताल के सर्जरी विभाग में मिनिमल एक्सेस सर्जन प्रोफेसर डॉ. साजी वर्गीज कार्यक्रम में विशेषज्ञ के रूप में मौजूद रहेंगे और दर्शकों के सवालों के जवाब देंगे। दर्शक इस लाइव फोन–इन कार्यक्रम में 244–745 या 245–662 नंबर पर फोन करके भाग ले सकते हैं।

<><><><><><>

शिक्षा विभाग की ओर से शिक्षक दिवस–2026 का राज्य स्तरीय समारोह 5 सितंबर को श्री विजयपुरम स्थित टैगोर कॉलेज के सभागार में शाम चार बजे आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><>